उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

**प्रेस विज्ञप्ति**

**दिनांक – 28.09.2023**

# महोबा पुलिस

**मीडिया सेल, महोबा**

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में जनसुनवाई कर जनसामान्य की समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा सम्बन्धित को समस्या निस्तारण हेतु जरिये दूरभाष दिये आवश्यक निर्देश-

जनपद महोबा में पीड़ित/शिकायतकर्ता की समस्याओं के समुचित एवं समयबद्ध निस्तारण हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा द्वारा पुलिस कार्यालय, महोबा में प्रतिदिन जनसुनवाई की जा रही है, जनता की समस्याओं के समाधान के क्रम में आज दिनांक 28.09.2023 को पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा फरियादियों/जनसामान्य की समस्याओं एवं समस्याओं को एक-एक करके गम्भीरता पूर्वक सुना गया तथा जनता की समस्याओं के समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण विधिक निस्तारण सुनिश्चित करने के लिए सम्बन्धित को मौके पर जरिये दूरभाष आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

जनसुनवाई के दौरान प्राप्त शिकायतों के सम्बन्ध में पुलिस अधीक्षक द्वारा सम्बन्धित को आदेशित किया गया कि मौके पर जाकर शिकायतों की तत्काल, निष्पक्ष व न्यायोचित जांच कर विधिक निस्तारण सुनिश्चित करें, लापरवाही की सूचना पर सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की चेतावती प्रदान की गयी साथ ही शिकायतकर्ता से समय-समय पर जनसामान्य की समस्याओं के निस्तारण के सम्बन्ध में फीडबैक लिये जाने सम्बन्धी आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये।



उत्तर प्रदेश 112 आपात सेवाएं

प्रेस विज्ञप्ति

दिनांक – 28.09.2023

# महोबा पुलिस

मीडिया सेल, महोबा

## पुलिस अधीक्षक महोबा द्वारा आर्यावर्त बैंक, शाखा चरखारी के नवीन परिसर का उद्घाटन मा0 विधान परिषद सदस्य सहित बैंक अधि./कर्म. एवं स्थानीय गणमान्य लोगों की गरिमामयी उपस्थिति में किया गया, उज्ज्वल भविष्य की दी शुभकामनाए:-

आज दिनांक **28.09.2023** को थाना चरखारी क्षेत्र अन्तर्गत आर्यावर्त बैंक शाखा चरखारी के नवीन परिसर का उद्घाटन श्री अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा के करकमलों द्वारा शिला का अनावरण कर किया गया; समारोह के विशिष्ठ अतिथि श्री जितेन्द्र सिंह सेंगर, विधान परिषद सदस्य (महोबा, बांदा, हमीरपुर, चित्रकूट) ने दीप प्रज्वलन कर आर्यावर्त बैंक शाखा चरखारी के प्रबंधक श्री कृष्णकांत विदुआ को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं प्रदान की व क्षेत्र में जनता के बीच सराहनीय कार्य के लिए बधाई दी।

समारोह में श्री उमेश चन्द्र, क्षेत्राधिकारी चरखारी, बैंक अधिकारी श्री अशोक मिश्र क्षेत्रीय प्रबंधक महोबा, श्री मनोज कुमार गुप्ता क्षेत्रीय प्रबंधक बांदा, श्री आरके जोशी क्षेत्रीय प्रबंधक उरई, श्री राजकुमार पाण्डेय, श्री सीबी गुप्ता, श्री अनिल कुमार चतुर्वेदी, श्री राजेंद्र शर्मा, श्री पुनीत सिरोठिया प्रबंधक मुख्य शाखा, श्री राघवेन्द्र शर्मा प्रबंधक ऊदल चौक, श्री ब्रजेश वर्मा प्रबंधक बेलाताल, अमित साहू प्रबंधक ननौरा, श्री शुभम वर्मा प्रबंधक टेढ़ा, रामनारायण गुप्ता विपणन अधिकारी, श्री पुष्पेंद्र पटेरिया, मनीष वर्मा एवं बैंक व काफी संख्या में क्षेत्र के गणमान्य लोग उपस्थित रहकर बैंक को अपनी शुभकामनाएं प्रदान की।










## साइबर अपराध से बचाव हेतु पुलिस अधीक्षक महोबा की पहल पर "ऑपरेशन ज्ञान कवच" अभियान के तहत जनपदीय साइबर सेल की पुलिस टीम ने थाना चरखारी महोबा क्षेत्रअन्तर्गत "ग्राम-नरेड़ी" में जागरुकता चौपाल लगाकर साइबर अपराध एवं साइबर सुरक्षा के प्रति किया जागरुक, वितरित किये जागरुकता पम्पलेट्स-

बढते हुये साइबर अपराध पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु श्रीमती अपर्णा गुप्ता, पुलिस अधीक्षक, जनपद महोबा की पहल पर साइबर अपराध से बचाव हेतु अभियान "**ऑपरेशन ज्ञान कवच**" चलाया जा रहा है, ऑपरेशन ज्ञान कवच अभियान के तहत जनपदीय साइबर सेल पुलिस टीम क्रमशः हे.कां. भूपेन्द्र सिंह, कां. शैलेन्द्र प्रताप सिंह, कां. सत्यम सिंह व कां. सुरजीत कुमार द्वारा थाना चरखारी महोबा क्षेत्रअन्तर्गत "ग्राम नरेड़ी" में जाकर "**ऑपरेशन ज्ञान कवच**" अभियान के अन्तर्गत साइबर जगरुकता चौपाल का आयोजन कर ग्राम वासियों के साथ संवाद कर साइबर अपराध एवं उनकी रोकथाम के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई एवं सभी को साइबर जागरुकता पम्पलेट्स वितरित की गईं। साइबर सेल पुलिस टीम ने "**ऑपरेशन ज्ञान कवच**" अभियान के तहत साइबर अपराध से बचाव के तरीके में बताया कि किस तरीके से साइबर ठग सरकारी नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी, आधार वैरिफिकेशन के नाम पर ठगी, किसान क्रेडिट कार्ड के नाम पर ठगी, एटीएम फ्रॉड, क्रेडिट कार्ड/यूपीआई फ्रॉड, ऑनलाइन लॉटरी/ईनाम, शॉपिंग ऐप्स, गूगल सर्च में थोडी सी चूक पर गलत वेबसाइट में क्लिक हो जाने, एनीडेस्क क्विक सपोर्ट जैसे रिमोट एक्सेस एप्लीकेशन डाउनलोड कराकर भेजे गये लिंक के माध्यम से साइबर ठगी का शिकार बनाते हैं। इसके अतिरिक्त युवाओं में आजकल ट्रैंडिंग में चल रहे विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म जैसे- फेसबुक, इंस्टाग्राम, स्नैपचैट,शेयरचैट व व्हाट्सएप से संबंधित होने वाले विभिन्न अपराधों के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी इनके बचाव के तरीकों को बताया गया साथ ही इस संबंध में उनसे अपील की गई कि अपने पारिवारिक जनों व पास-पड़ोस के लोगों को भी साइबर अपराध के तरीकों व इनसे बचाव के तरीकों के संबंध में जागरूक करें, जिससे ज्यादा से ज्यादा लोगों को बढ रहे साइबर अपराध से बचाया जा सके।

यदि किसी के साथ वित्तीय साइबर फ्रॉड होता है तो तुरंत www.cybercrime.gov.in/ साइबर सेल /संबंधित थानों पर स्थापित साइबर हेल्प डेस्क या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क कर अपनी शिकायत दर्ज कराएं ताकि शीघ्र कार्यवाही कर आपकी मदद की जा सके।









# महोबा पुलिस



## थाना कोतवाली नगर महोबा की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.09.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी नगर श्री रामप्रवेश राय के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली महोबा प्रभारी निरीक्षक श्री उपेन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 सुजीत कुमार जायसवाल के द्वारा चेकिंग संदिग्ध/व्यक्ति के दौरान 01 नफर अभियुक्त मुरलीधर प्रजापति पुत्र स्व0 जगन्नाथ प्रजापति उम्र करीब 55 वर्ष निवासी ग्राम नथुपुरा थाना कोतवाली नगर महोबा के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज बरामद करते हुये पान प्रयोग प्रशिक्षण संस्थान /अनुसंधान केन्द्र के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 448/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम का अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने हेतु भेजा गया।

### गिरफ्तार अभियुक्त व बरामदगी, आपराधिक विवरण -

मुरलीधर प्रजापति पुत्र स्व0 जगन्नाथ प्रजापति उम्र करीब 55 वर्ष नि0ग्रा0 नथुपुरा थाना कोतवाली नगर महोबा के कब्जे से 01 अदद तमंचा 315 बोर मय 02 अदद जिन्दा कारतूस 315 बोर नाजायज सम्बन्धित मु0अ0सं0- 448/2023 धारा 3/25 आयुध अधिनियम थाना कोतवाली नगर महोबा

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीमः-

1.उ.नि. सुजीत कुमार जायसवाल प्रभारी चौकी बजरिया थाना कोतवाली नगर महोबा
2.उ0नि0 सत्यवेन्द्र सिंह भदौरिया प्रभारी चौकी भटीपुरा थाना कोतवाली नगर महोबा
3.कां0 हरिओम 4.कां0 नीतेश कुशवाहा



# महोबा पुलिस



## थाना कुलपहाड़ की पुलिस टीम ने अवैध तमंचा व कारतूस के साथ अभियुक्त को किया गिरफ्तार ।

पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती अपर्णा गुप्ता के निर्देशन पर जनपद में अपराध की रोकथाम एवं अपराधिक घटनाओं को कारित करने वाले अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में आज दिनांक 28.09.2023 को अपर पुलिस अधीक्षक श्री सत्यम व क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ सुश्री हर्षिता गंगवार के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक कुलपहाड श्री लाखन सिंह द्वारा गठित टीम उ0नि0 दिनेश तिवारी चौकी प्रभारी बेलाताल के नेतृत्व में टीम द्वारा एक नफर अभियुक्त बृजेन्द्र चौरसिया पुत्र स्व0 मुन्ना उम्र करीब 25 वर्ष निवासी औना डेरा पहाडिया के पास कस्बा बेलाताल थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा को एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर नाजायज के साथ आईटीआई कालेज के सामने बिहार रोड के पास से नियमानुसार गिरफ्तार किया एवं गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 294/2023 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया एवं आवश्यक वैधानिक कार्यवाही करते हुए अभियुक्त को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश कर न्यायिक अभिरक्षा में उपजिला कारागार महोबा भेजा गया

### गिरफ्तार अभियुक्त-

बृजेन्द्र चौरसिया पुत्र स्व0 मुन्ना उम्र करीब 25 वर्ष  निवासी औना डेरा पहाडिया के पास कस्बा बेलाताल थाना कुलपहाड़ जनपद महोबा

### बरामदगी-

एक अदद देशी तमंचा 12 बोर व एक अदद जिंदा कारतूस 12 बोर नाजायज

### गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम-

1. उ0नि0 दिनेश तिवारी, चौकी प्रभारी बेलाताल थाना कुलपहाड़ महोबा
2. कां0 विनय प्रताप सिंह

